# निलंबित लायसेंस पर खाद का व्यापार करने पर एफआईआर दर्ज

**मेसर्स खुशी ट्रेडर्स के खिलाफ की गई कार्यवाही**




**पाटन भारत।** मेसर्स खुशी ट्रेडर्स बेनीखेड़ा विकासखंड पाटन के प्रतिष्ठान का निरीक्षण 10/07/2025 को उपसंचालक कृषि डॉ.एस.के. निगम के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी कृषि पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी / उर्वरक निरीक्षक पाटन पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया । निरीक्षण मैं उक्त मेसर्स द्वारा स्टाक एवं भाव फलक का प्रदर्शन नही करना, कैश, एवं क्रेडिट मेमो जारी न करना, क्रय विक्रय रिपोर्ट प्रति माह न देना कृषको को निर्धारित प्रारूप में कैश मेमो नहीं दिया जाना एवं पी ओ एस मशीन में23.92 टन स्टाक था परन्तु भौतिक स्टाक जीरो पाया गया था जिस पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 4,5,7, 31 एवं 35 का उल्लंधन था जिस पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/उर्वरक निरीक्षक पाटन द्वारा लायसेंस निलंबन की अनुशंसा उप संचालक कृषि को की थी उपसंचालक कृषि जबलपुर द्वारा 11/07/2025 को उक्त मेसर्स का उर्वरक का फुटकर लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था ।

अनुविभागीय अधिकारी कृषि पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/उर्वरक निरीक्षक पाटन पंकज श्रीवास्तव द्वारा आई.एफ.एमएस. पोर्टल पर जांच के दौरान पाया गया कि मेसर्स खुशी ट्रेडर्स बेनिखेड़ा के निलंबित लायसेंस पर थोक विक्रेताओं द्वारा इनके फ़ार्म के पी ओ एस में खाद का आना प्रदर्शित हो रहा था और खुशी ट्रेडर्स के प्रोपराईटर के द्वारा किसानो को पी ओ एस के माध्यम से खाद विक्रय किया जाना पाए जाने पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/उर्वरक निरीक्षक पाटन द्वारा लिखित में उपसंचालक कृषि जबलपुर को प्रतिवेदन दिया गया । वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर उपसंचालक कृषि जबलपुर द्वारा कलेक्टर जबलपुर के निर्देश पर मेसर्स खुशी ट्रेडर्स बेनिखेड़ा विकासखंड पाटन के प्रोपराईटर मनीष कुमार सोनी के विरुद्ध थाना पाटन में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी / उर्वरक निरीक्षक पाटन द्वारा एफ आई आर दर्ज कराई गई । उप संचालक कृषि डॉ एस कि निगम ने निलंबित लाइसेंस मैसर्स खुशी ट्रेडर्स को लाइसेंस निलंबित के बाद भी खाद देने पर एवं खुशी ट्रेडर्स के लाइसेंस मैं संबंधी थोक विक्रेता सुहाने एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर एवं श्रेयांशी ट्रेडर्स जबलपुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर ज़बाब चाह गया है ।

## होलीडे होम आश्रय का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** दिनांक 20 अगस्त को पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के नवनिर्मित होलीडे होम आश्रय का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार एवं मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा उपस्थित रहे। साथ ही शुभारंभ के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा एवं जबलपुर मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, मंडल के शाखा अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे। रेल्वे कर्मचारियों के अवकाश पर भ्रमण के लिए नवनिर्मित हॉलिडे होम में डबल बेड वाले 06 रूम तथा एक डॉरमेट्री जिसमें 04 बेड की व्यवस्था है। प्रत्येक बेडरूम में डबल बेड, अलमारी, कुर्सी, टेबल, एसी, गीजर एवं ब्लैंकेट इत्यादि की व्यवस्था से सुसज्जित है।

## धूमधाम से मनाया गया मंगलागौरी उत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** सर्वमंगला ग्रुप के द्वारा मंगलागौरी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नए नवेली दुल्हन ने भगवान शंकर की पूजा की फिर मंगलागौरी खेल को भी उत्साह के साथ खेला गया। खेल में फुगड़ी, नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसने सभी का मन मोहा। इस मौके पर स्वाति गोडबोले, सोना, रंजना बर्तक, नीलिमा देशपांडे, प्रीति वात्ते, रंजना बर्तक, अपूर्ति ,प्रीति गोरे, रेखा भालेराव, प्राची, मंजुषा, अश्विनी, श्वेता, मानसी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**— द्वितीय निविदा सूचना —**

N.I.T.NO/PWD/2025-26/12/26/E-tendering/PRO-450 Dated : 20/08/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_441219_1 | महर्षि अरविंद वार्ड अंतर्गत चौधरी मोहल्ला बकरा कमेला, तबेला वाली गली में नाला निर्माण कार्य। (निगम मद) | 03 माह<br>₹ 3.70 लाख | ₹ 2000/-<br>₹ 3706/- | 28/08/2025 |

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म), नगर निगम जबलपुर**

## OFFICE OF THE SECTERATY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR, DIST. JABALPUR

**NOTICE INVITING TENDER**

**N.I.T. No/Nirman/2025-26/N-258** **JABALPUR Dated : 20/08/2025**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **CONSTRUCTION OF CLEANING, GRADING AND PACKGING PLANT SHED AND PLATEFORM WORK INCLUDING INTERNAL ELECTRIFICATION WORK AT MANDI YARD JABALPUR Tender Number: 2025_MPSAM_445724_1 (PAC amount Rs. 48.38 Lakhs).** The following works Tender to be received online up to **3:30 PM on 12.09.2025** Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **https://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**.

**Note:-** Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Secretary**
**Krishi Upaj mandi Samitti Jabalpur Distt. JABALPUR**

# 30 वर्ष पूरे होने पर प्रमुख प्रकाशनों का किया गया विमोचन



**▸ जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज ने की शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत**

**नवभारत,जबलपुर।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एक्शन एंड स्टडीज ने अपने नए बैच 2025–27 के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मैनेजमेंट के छात्रों के लिए उद्घाटन समारोह आयोजित किया और साथ ही संस्थान की स्थापना के 30 वर्ष पूरे होने पर 2025–26 शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत की। उद्घाटन समारोह में विजय इंडस्ट्रीज के सीईओ उत्कर्ष गुप्ता मुख्य अतिथि और मानव संसाधन प्रबंधक सौम्या मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रबंधन शिक्षा के उभरते परिदृश्य और प्रबंधन में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग पर अपने विचार साझा किए। वहीं संस्था केके निदेशक, डॉ. फादर ऑस्कर एस. तिर्की, एसजे ने नए समूह के लिए एक प्रेरणादायक स्वागत संदेश दिया। साथ ही डीन सेसिल एंथनी ने टिप्पणी की। कार्यक्रम में वार्षिक रिपोर्ट 2024–2025, कैटलिस्ट 2024 – एक छात्र पत्रिका, और पुस्तक स्टार्टअप्स और उद्यमिता–अवसर और चुनौतियाँ के प्रमुख प्रकाशनों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन संस्था की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता विलियम्स द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और कार्यक्रम की मेजबानी पीजीडीएम और पीजीडीएम–आरएम 2024–2026 बैच की सैजल मोहंती , अमूल्य ए. बारा ने की।



# पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुरक्षा पर कार्यशाला

**जबलपुर ।** क्राइस्ट चर्च गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर की गाइड के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भव्य रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के माध्यम से नो यूज सिंगल प्लास्टिक और पौधा रोपण के विषय में नारे लगाए गए साथ ही आम नागरिकों को संदेश दिया कि प्लास्टिक का उपयोग न करें और अधिक से अधिक पेड़ लगाए, साथ ही डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड की सभा कक्ष में नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन विभाग के प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र अहिरवार एवं स्टाफ के द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था, इस कार्यशाला में 100 गाइड ने बढ़–चढ़ के भाग लिया। इस कार्यशाला और इस रैली को सफल बनाने में भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विशाल तिवारी , विद्यालय प्राचार्या श्रीमती प्रीति थंगादुरई, गाइड कैप्टन श्रीमती शुभांगी तिवारी, स्वाति गीत ताती, मरियम एंथोनी, एलिटा पूनम का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान

(समविश्वविद्यालय, विशिष्ट श्रेणी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल-462002 (म.प्र.), वेबसाईट : www.nitttrbpl.ac.in

विभिन्न स्कूल/विभाग के अंतर्गत शिक्षार्थी केंद्रित पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सेवारत शिक्षकों, कार्यरत पेशेवरों / उद्योग कर्मियों एवं उत्साही शिक्षार्थियों जो भविष्य में नेतृत्व प्रदान कर सके, से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**पीजी प्रवेश**

**एमबीए**

| | |
|---|---|
| स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट) |

**एम.टेक और एम.एससी.**

| स्कूल | प्रोगाम विशेषज्ञता |
|---|---|
| स्कूल ऑफ साइंस | एम.एससी. बायोफार्मास्युटिकल साइंस |
| | एम.एससी. फिजिक्स (सेमीकंडक्टर साइंस एंड टेक्नोलॉजी) |
| स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | एम.टेक. ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट |
| | एम.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (बिग डेटा एनालिटिक्स) |
| | एम.टेक. ग्रीन टेक्नोलॉजी |
| | एम.टेक. वीएलएसआई एवं माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स |
| | एम.टेक. कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन मैन्युफैक्चर एंड ऑटोमेशन |

❖ **सभी पीजी कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण में आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय हैं और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल के विकास हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से एकीकृत हैं।**

- आरक्षण भारत सरकार के मानदंडो के अनुसार।
- महत्वपूर्ण जानकारी, निर्देश, तिथि एवं आवेदन आदि की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बेवसाइट www.nitttrbpl.ac.in को नियमित रूप से देखें।
- प्रश्न/जानकारी के लिए कॉल करें मो. 8005725558, 9424614502

**निदेशक**

# प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को किया सम्मानित



**पनागर।** शासकीय हाई स्कूल बरौदा (पनागर) तथा शंकुल के स्कूल बरौदा, भिड़ारी कला, जुनवानी, मचला ( पनागर ) स्कूल की सभी कक्षाओ की परीक्षा में प्रथम, द्वतीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, वाटर बॉटल, स्टेशनरी आदि का वितरण का कार्यक्रम भारत कृषक समाज एवं छात्र मित्र संस्था के संयुक्त तत्वाधान में हाई स्कूल बरौदा ( पनागर ) में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने कहा की सबसे बड़ा दान विद्या का होता है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा का विकास हो इस हेतु सभी वर्गो को आगे आकर सहयोग व कार्य करना चाहिए। छात्र मित्र संस्था के अनुराग गढ़वाल ने बताया की उनकी संस्था अभी तक पचास से अधिक स्कूलों मे डेस्क बेंच व स्टेटनरी का वितरण कर चुकी है। उन्होंने आगे अब ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के उन्ययन मे पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष, शिक्षा समिति के अध्यक्ष विवेक पटेल ने ग्रामीण क्षेत्र में स्कूलों के विकास हेतु हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भारत कृषक समाज के सचिव रूपेंद्र पटेल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सोनम कटारे, भारत कृषक समाज के सुभाष चंद्रा, रामगोपाल पटेल रामकिशन पटेल,रमेश पटेल, जितेंद्र देसी, प्रताप नारायण सिंह, लक्ष्मी नारायण पटेल, अवसर पटेल एवं छात्र मित्र संस्था के अनुराग गढ़वाल, श्रीमती शीला पटेल, श्रीमती वंदना जैन, अनुपमा, सुश्री श्रेया जैन, रमेश दाऊ, प्रदीप पारस जैन, अमिता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन उमाशंकर पटेल ने किया। संकुल के सभी स्कूलों के प्रचार्य, शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर मनमोहक प्रेरणा दाई सुन्दर प्रस्तुतियाँ दीं ।



# गाजरघास जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**पाटन।** 20 अगस्त को मादा गाँव, पाटन, जबलपुर में 20वें गाजरघास जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर एवं कृषि विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सरपंच स्नेह कुमार के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इस अवसर पर डॉ. इंदिरा त्रिपाठी (अनुविभागीय कृषि अधिकारी ), श्रीमति नेहा बर्वे एवं श्री देव आनंद सिंह (कृषि विस्तार अधिकारी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. पी. के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवं गाजरघास जागरूकता सप्ताह 2025 के समन्वयक ने गाजरघास के दुष्प्रभावों और वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गाजरघास फसल उत्पादन के साथ-साथ मानव एवं पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। इस आयोजन में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. अर्चना अनोखे, डॉ. दीपक पवार, डॉ. जे. के. सोनी, डॉ. दीक्षा एम. , एम. के. मीणा (एसीटीओ) तथा राज्य कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये ईमारती काष्ठ/जलाऊ, आर.टी.एल. एवं खैर काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम :- काष्ठागार मनेन्द्रगढ़,
नीलाम दिनांक :- 25-08-2025,
नीलाम समय :- प्रातः 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाती | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 78.845 | 767 | 66.789 | 1391 |
| 2 | साल | 45.663 | 0 | 964.203 | 696 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 85.174 | 243 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0.734 | 23 |
| 5 | खम्हार | 0 | 0 | 0.357 | 2 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 1.510 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 0 | 0 | 4.047 | 49 |
| | **योग :-** | **124.508** | **767** | **1122.81** | **2404** |
| | **काष्ठ** | निरस्त काष्ठ | | अविकृत काष्ठ | |
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 08 | आर.टी.एल. काष्ठ | 0 | 0 | 1630 | 48.024 |
| | जलाऊ काष्ठ | | | | |
| क्र. | विवरण | नया लॉट | | पुराना लॉट | |
| 09 | जलाऊ मिश्रित | 150 चट्टा | | 356 चट्टा | |

टीप :- 1. केता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. केताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व कय लॉटों के अपसेट प्राइज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई.डी से लॉगईन करके देख सकते है।

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़**

25260288/5



# मकान में लगी आग, गृहस्थी खाक

**पाटन।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम थाना में एक कच्चे मकान में आग लग जाने से लाखों का गृहस्थी और कृषि का सामान जल कर खाक हो गया बही आग की चपेट में आने से घर का छप्पर जमीन पर आ गिरा और मकान पूरी तरह से नष्ट हो गया पूरी घटना में गनीमत यह रही कि घर खाली था जिससे किसी भी प्रकार की जन हानि नही हुई। प्राप्त जानकारी अनुसार ओमकार प्रसाद रैकवार पिता तिलक जो कि ग्राम थाना निवासी वर्तमान में जबलपुर में रहते है पाटन के ग्राम थाना में ओमकार का पैतृक घर है जो कि खाली पड़ा हुआ है बुधवार सुबह ग्राम कोटवार ने ओमकार को सूचना दी कि तुम्हारे मकान में आग लगी हुई है जिसे ग्रामीण बुझाने का प्रयास कर रहे है जब परिवार ने मौके पर जा कर देखा तो घर का छप्पर जमीन कर धराशायी पड़ा था बही गृहस्थी के सामान अलमारी कूलर और कृषि यंत्र भी पूरी तरह जल कर खाक हो चुके थे जिससे परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है परिवार ने मामले की शिकायत पाटन थाना में की है बही आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है ।

## इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी

ता. हातकणंगले जि. कोल्हापूर

**जाहिर ई-निविदा सूचना क्र. ९/२०२५-२०२६**

पाणी पुरवठा विभागाकडील माझी वसुंधरा ४.० अंतर्गत मियावॉकी/घनदाट जंगल विकसीत करणे तसेच सोलार पॅनेल बसविणे इत्यादी तदअनुषंगीक कामे करणेची जाहिर ई-निविदा क्रं. ९/२०२५-२६ www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. २१/०८/२०२५ रोजी स. ११.०० वाजले पासून प्रसिध्द करणेत येत आहे. सविस्तर जाहिरात www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा.क्रं. पा.पु.वशि.१५७८/२०२५ सही/-
महानगरपालिका कार्यालय उपायुक्त
दि. २०/०८/२०२५ इचलकरंजी महानगरपालिका

## नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

एन एफ एल NFL A Navratna Company

(भारत सरकार का उपक्रम)

A-A/2] कार्यालय परिसर, गौतम नगर, भोपाल पिन– 462023(M.P.)
मोबाइल नंबर 9314397368, 9308602193

**भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित बीज प्रसंस्करण इकाइयों से मध्य प्रदेश राज्य में रबी–2025–26 में विपणन के लिए गेहूं के नए प्रमाणित बीजों की आपूर्ति के लिए ई–निविदा आमंत्रित करने संबंधित सूचना।**

ई– निविदाओं को जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक **01.09.2025 को 15.00 बजे** तक है।
अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.nationalfertilizers.com & www.etenders.gov.in/eprocure/app** वेबसाइट देखें।
किसी भी शुद्धिपत्र / संशोधन को केवल एनएफएल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**आंचलिक प्रबंधक, भोपाल**

## दानशुर व्यक्तींना मदतीचे आवाहन

सिल्लोड व सोयगांव तालुक्यातील सर्व विद्यार्थी व विद्यार्थिनींच्या सेवार्थ इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद) तर्फे सेवार्थ शाळा इमारत बांधकाम, महाविद्यालय इमारत बांधकाम तसेच वस्तीगृह इमारत बांधकाम व इतर आनुषंगिक कामांच्या मदतीसाठी कंपन्या, खाजगी कंपन्या, संस्था आणि दानशुर व्यक्तींनी सढळ हाताने मदत करावी, ही नम्र विनंती.

**चेक, डीडी, NEFT, IMPS, UPI व RTGS द्वारे संस्थेच्या खालील बँक खात्यात देणगी स्विकारली जाईल.**

| | |
|---|---|
| **बँक खात्याचे नांव** | : इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ |
| **बँक खाते क्र.** | : 39173093422 |
| **बँकेचे नाव** | : स्टेट बँक ऑफ इंडिया |
| **शाखा** | : सिल्लोड ता. सिल्लोड |
| **IFSC कोड** | : SBIN0020015 |
| **संस्था 12A नोंदणी क्र.** | : AABTI2645C24PN01 |
| **संस्था 80G नोंदणी क्र.** | : AABTI2645C24PN02 |

**CSR फंडसाठी**
**बँक खाते क्र. 44392844439**
**IFSC कोड : SBIN0020015**
**बँकेचे नाव व शाखा : स्टेट बँक ऑफ इंडिया, सिल्लोड**

**सौजन्य : सर्व सन्माननीय कार्यकारी मंडळ, इंदिरा शिक्षण प्रसारक मंडळ फर्दापुर ता. सोयगांव जि. छत्रपती संभाजीनगर (औरंगाबाद)**

## JANA SMALL FINANCE BANK

(A Scheduled Commercial Bank)

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल के बगल में बिजनेस पार्क, चल्लघट्टा, बेंगलुरु-560071।
शाखा कार्यालयः प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (मध्य प्रदेश)-462011।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस।**

जबकि आप, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ताओं ने अपनी अचल संपत्तियों को गिरवी रखकर जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड से ऋण लिया है। आप सभी द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जबकि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड, अधिनियम के तहत एक सुरक्षित ऋणदाता होने के नाते, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओं को नोटिस की तारीख से **60 दिनों** के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को उस पर भविष्य के ब्याज सहित चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया है, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस नहीं दिया जा सका।

| सं. क्र. | उधारकर्ता का नाम/ सह–उधारकर्ता/गारंटर/ बंधककर्ता | ऋण खाता संख्या और ऋण राशि | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग नोटिस की तिथि | देय राशि रुपये में/दिनांक तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) श्री आदिल खान, पुत्र इसहाक खान, 2) श्रीमती शाहीन, पत्नी इशाक खान, 3) श्री आरिफ खान, पुत्र इशाक खान, 4) श्री मो. आबिद, पुत्र. इशाक खान | ऋण खाता संख्या 31209630000944 ऋण राशिः ₹17,50,000/- | अचल संपत्तिः आवासीय भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिसमें प्लॉट संख्या 52/3, मकान संख्या 984, 985 और 986 का भाग, कुल क्षेत्रफल 639 वर्ग फुट (59.38 वर्ग मीटर) और उस पर निर्माण कार्य शामिल है, जो ढालगर मोहल्ला, पुराना मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड संख्या 36 और नया हनुमानताल वार्ड संख्या 24, नजूल ब्लॉक संख्या 30, जबलपुर, तहसील और जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में सड़क, पश्चिम में अताउर रहमान, पुत्र अयूब खान का मकान, उत्तर में इब्राहिम खान का मकान और दक्षिण में सड़क से घिरा है। | 01-08-2025 और 18-08-2025 | रू. 18,18,075.00 (अठारह लाख अठारह हजार पचहत्तर मात्र) 10-08-2025 तक |
| 2 | 1)श्रीमती अंजना बाई, पत्नि सपन कुमार, 2) श्री सपन कुमार श्रीवास्तव, पुत्र. सुभाष चंद्रा | ऋण खाता संख्या 31209630000397 31209410000526 31209410001631 ऋण राशिः ₹10,10,822/- | अचल संपत्तिः भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिसमें आबादी का भाग शामिल है खसरा संख्या 167, कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट। (83.64 वर्ग मीटर) तथा उस पर निर्माण, मौजा कोहला, पुलिस चौकी संख्या 63, तहसील शाहपुरा भिटोनी और जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में साहू का मकान, पश्चिम में बेनी का मकान, उत्तर में सी.सी. रोड और दक्षिण में बाड़ी से घिरा है। | 01-08-2025 और 18-08-2025 | रु. 7,43,753.92 (रुपये सात लाख तिरतालिस हजार सात सौ तिरेपन और बानवे पैसे मात्र) 10-08-2025 तक |
| 3 | 1) श्री इस्माइल कुरैशी, पुत्र अब्दुल हबीब कुरैशी, 2) श्रीमती नूरजहाँ, पत्नी. मो. इस्माइल कुरैशी | ऋण खाता संख्या 31209430001025 ऋण राशिः ₹14,30,000/- | अचल संपत्तिः भूखंड संख्या 22, मकान संख्या 141/132, 1442 (पुराना), 1445/1 (नया) सहित भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 667 वर्ग फुट (61.97 वर्ग मीटर) है, तथा उस पर निर्माण, खसरा संख्या 371/44 का भाग, बाबा टोला ठक्कर ग्राम वार्ड संख्या 38, मौजा गोहलपुर, एन.बी. संख्या 601, पुलिस चौकी संख्या 24/2, आर.एन.एम. में स्थित है। जबलपुर-1, विकास खंड जबलपुर, तहसील एवं जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश)। सीमाः पूर्व में: साइड रोड, पश्चिम में: श्रीमती ममता राय का मकान, उत्तर में: वीरेंद्र कुमार पचौरी का मकान और दक्षिण में: श्रीमती ममता राय का मकान। | 01-08-2025 और 18-08-2025 | रु. 14,90,366.34 (चौदह लाख नब्बे हजार तीन सौ छियासठ और चौंतीस पैसे मात्र) 10-08-2025 तक |
| 4 | 1) श्री मुकेश कुमार जैन, पुत्र केवल चाँद, 2) श्रीमती अंजना, पत्नि मुकेश कुमार, 3) श्री सिद्धार्थ जैन, पुत्र मुकेश कुमार | ऋण खाता संख्या 31209430001038 31209430001080 31209410001746 ऋण राशिः ₹45,00,000/- | अचल संपत्तिः नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा। मकान संख्या 503, 503/1 (पुराना), 1114 (नया), भूखंड संख्या 26 का भाग, कुल क्षेत्रफल 994 वर्ग फुट (92.37 वर्ग मीटर), निर्माण सहित, हनुमानताल वार्ड, लाल कुआ के पास, बड़ा जैन मंदिर, नजूल ब्लॉक संख्या 43, जबलपुर, तहसील एवं जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित। सीमाः पूर्व में: 3 फुट चौड़ा सामान्य मार्ग, पश्चिम में: शर्मा जी का मकान, उत्तर में: सुरेंद्र कुमार का मकान और दक्षिण में: मीरा बाई का मकान। | 01-08-2025 और 18-08-2025 | रू. 45,75,749.90 (पैंतालीस लाख पिचहत्तर हजार सात सौ उनचास नब्बे पैसे मात्र) |
| 5 | 1) श्री बब्लू दहायत, पुत्र सुकरू दहायत, 2) श्रीमती शकुन्तला, पत्नि बब्लू दहायत | ऋण खाता संख्या 33580440000027 ऋण राशिः ₹2,35,000/- | अचल संपत्तिः आराजी खसरा संख्या 97/1/1 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्ग फुट (83.64 वर्ग मीटर) है, निर्माण सहित, मौजा कठवरिया, पुलिस चौकी संख्या 65, तहसील नागोद एवं जिला सतना (मध्य प्रदेश) में स्थित है। पूर्व में मुकेश का मकान, पश्चिम में जमुना का मकान, उत्तर में सड़क और दक्षिण में भितरी का मकान। | 31-07-2025 और 18-08-2025 | रू. 2,34,386.66 (दो लाख चौंतीस हजार तीन सौ छियासी और छियासठ पैसे मात्र) 10-08-2025 तक |

अतः, स्तंभ संख्या 2 में उल्लिखित ऋणी/सह–ऋणी/गारंटर एवं बंधककर्ता को नोटिस दिया जाता है, जिसमें उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे स्तंभ संख्या 6 में दर्शाई गई कुल राशि का भुगतान, इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर सभी संबंधित ऋणी/सह–ऋणी के विरुद्ध करें, क्योंकि उक्त राशि स्तंभ संख्या 6 में दर्शाई गई तिथि को संबंधित ऋण खाते के संबंध में देय पाई जाती है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल राशि, भविष्य के ब्याज और अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती हैं, का भुगतान नहीं किया जाता है, तो जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड स्तंभ संख्या 4 में वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को कानून के तहत उक्त वित्तीय परिसंपत्तियों के उधारकर्ता/ सह–उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ताओं के विरुद्ध उपलब्ध अधिकारों और उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किया गया है। आपसे यह भी अनुरोध है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको प्रतिभूत ऋणदाता की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूति का निपटान या लेन–देन करने या सुरक्षित परिसंपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित/निषिद्ध किया गया है।

**दिनांकः 21.08.2025, स्थानः जबलपुर, सतना**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, जन लघु वित बैंक लिमिटेड के लिए**